# 2

# वर्णमाला परीक्षण (Alphabet Test)

## वर्णमाला क्रमांक

(I) **सीधा क्रमांक :** $A \to 1, B \to 2, C \to 3, \ldots\ldots, Z \to 26$ होता है। इन्हे याद रखने के लिए –

| E | J | O | T | Y | M | N |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 5 | 10 | 15 | 20 | 25 | 13 | 14 |

के क्रमांक याद कर नजदीकी वर्णो के क्रमांक ज्ञात कर सकते है।

(II) **किसी वर्ण का विपरीत क्रमांक** = 27 – उसका सीधा क्रमांक
जैसे : $E = 27 - 5 = 22$

## दायें-बायें से संबंधित प्रश्न

(I) यदि दिए गए प्रश्न में **दोनों शब्द एक-दूसरे के विपरीत ( बायें-दायें, दायें-बायें )** हो तो दोनों मानों को जोड़कर अभीष्ट उत्तर प्राप्त किया जाता है।
(II) यदि दिए गए प्रश्न में **दोनों शब्द एक-दूसरे के समान ( दायें-दायें, बायें-बायें )** हो तो दोनों मानों को आपस में घटाकर अभीष्ट उत्तर प्राप्त किया जाता है।
(III) यदि दिए गए प्रश्न में **पहला शब्द दायें हो तो** जोड़ने अथवा घटाने की क्रिया करने के बाद प्राप्त परिणाम को हमेशा 27 में से घटाना है।
(IV) यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिख दिया जाए तो नियम भी विपरीत हो जायेंगे, अर्थात् जो 27 में से घटाने वाली क्रिया प्रथम शब्द बायें आने पर की जाएगी।

**उदाहरण : अग्रेजी वर्णमाला में बायी ओर से 15 वें अक्षर के बाई ओर पॉचवा अक्षर कौन-सा होगा?**
**हल :** बायी ओर से 15 वें अक्षर के बाई ओर 5 वॉ अक्षर
= बायें से $15 - 5$ या 10 वॉ अक्षर = J.

**उदाहरण : अग्रेजी वर्णमाला में दायी ओर से 15 वें अक्षर के बाये ओर पॉचवा अक्षर कौन-सा होगा?**
**हल :** दायी ओर से 15 वें अक्षर के बाये ओर 5 वॉ अक्षर
= दायें से $15 + 5$ या 20 वॉ अक्षर
= अर्थात् बायें से $27 - 20$ या 7 वॉ अक्षर = G.

**उदाहरण - यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाये दाहिनी ओर के 15 वें अक्षर के बाई ओर चौथा अक्षर कौन-सा होगा?**
(a) T (b) S (c) R (d) D
**हल** (b) अभिष्ट वर्ण क्रम में दायी ओर से 15 वें अक्षर के बाई ओर चौथा अक्षर = $15 + 4 = 19$ वॉ अक्षर
या सीधे क्रम का 19 वॉ अक्षर = S

## मध्य का अक्षर ज्ञात करना

**कोई भी दो अक्षरों के मध्य का अक्षर ज्ञात करने के लिए हमेशा उसके सीधे क्रमांक को ( हमेशा बायीं ओर से ) जोड़कर 2 का भाग दे दिया जाता है।**

mnkgj . k : **अंग्रेजी वर्णमाला में A तथा Y के मध्य कौनसा अक्षर आता है**
(a) N (b) M (c) D (d) K
**हल** (b) A तथा Y के मध्य का अक्षर $= \frac{1+25}{2} = \frac{26}{2} = 13$ वां अक्षर
अंग्रेजी वर्णमाला में 13 वां अक्षर M होता है।

**उदाहरण : अंग्रेजी वर्णमाला में बायें से पांचवें तथा उन्नीसवें अक्षर के मध्य कौनसा अक्षर आता है?**
(a) J (b) K (c) L (d) M
**हल** (c) बायें से 5वें तथा उन्नीसवें अक्षर के मध्य का अक्षर
$= \frac{5+19}{2} = \frac{24}{2} = 12$ वां अक्षर
अंग्रेजी वर्णमाला में 12 वां अक्षर L होता है।

## शब्द निर्माण

**इसके अतंर्गत प्रश्न में दिए गए शब्द में अलग-अलग स्थितियों के अनुसार अंग्रेजी के अर्थपूर्णशब्दों का निर्माण किया जाता है।**

**1.प्रश्न शब्द के वर्णो से बनने वाला शब्द ज्ञात करना :-** प्रश्न में अंग्रेजी का एक शब्द दिया जाता है तथा विकल्प में चार शब्द होते हैं जिनमें से एक शब्द उस शब्द के अक्षरों से बन सकता है विकल्पो मे से उसी शब्द को चुनना पड़ता है।

**उदाहरण : नीचे दिए गए शब्द के अक्षरों से चारों विकल्पों में दिया गया कौनसा शब्द बनेगा ?**
**'SOMNAMBULISM'**
(a) NAMES (b) BASAL (c) SOUL (d) BIOME
**हल :** (c) NAMES शब्द के लिए E नही है, 'BASAL' के लिए दो बार A नहीं हैं, BIOME के लिए E नही है। अत: शब्द SOUL बनता है।

**2. प्रश्न शब्द के वर्णो से नहीं बन सकने वाला शब्द ज्ञात करना :-** प्रश्न में अंग्रेजी का एक शब्द दिया जाता है तथा विकल्प में चार शब्द होते हैं जिनमें से एक शब्द उस शब्द के अक्षरों से नहीं बन सकता है या फिर तीन शब्द बन सकते है, एक नही बनता है। उसे ही ज्ञात करना होता है।

**उदाहरण-नीचे दिए गए शब्द से कौनसा शब्द नहीं बनेगा।**
**'INTERNATIONAL'**
(a) ALONE (b) NOTE (c) LATER (d) RADIO

**हल :** (d) RADIO शब्द के लिए दिये गये शब्द में D नहीं हैं। बाकी सभी शब्द बन जाते है।

**उदाहरण-शब्द EREGN के अक्षरों से एक रंग का नाम बनता है, जिसका प्रथम अक्षर क्या होगा ?**

(a) E (b) G (c) N (d) R

**हल :** (d) दिए गए अक्षरों को व्यवस्थित करने पर GREEN शब्द बनता है जिसका अर्थ हरा रंग होता है। इसका अंतिम अक्षर N है।

**उदाहरण-यदि PREPARATION के तीसरे, पांचवे आठवें और ग्यारहवें अक्षरों से कोई अर्थपूर्ण शब्द बनाना सम्भव है, तो निम्नलिखित से कौन-सा उस शब्द का अन्तिम अक्षर होगा।**

(a) N (b) T (c) E (d) X

**हल :** (b) PREPARATION शब्द के तीसरा, पांचवा, आठवां तथा ग्यारहवां अक्षर क्रमश E, A, T, N है तथा इनसे सार्थक शब्द NEAT बनता है।

## अक्षर युग्म ( जोड़े ) ज्ञात करना

**हल - प्रथम विधि :** इसमें प्रत्येक वर्ण से दाये या बाये अग्रेजी वर्णमाला के अनुसार वर्ण बोलते हुये एक-एक वर्ण आगे बढ़े जिस स्थान पर अग्रेजी वर्णमाला के अनुसार बोला गया वर्ण ही प्राप्त हो, तो जोड़ा नोट कर लेते है। इस प्रकार दोनो तरफ गिन कर अभीष्ट सभी जोड़ो की संख्या ज्ञात कर लेते हैं।

**द्वितीय विधि :** शब्द के सभी वर्णो के क्रमांक उनके ऊपर लिख लेते है, तदुपरान्त प्रत्येक वर्ण के क्रमांक के आगे दायें या बायें गिने जहॉ वर्ण का क्रमांक और गणना का क्रमांक समान होगा, वह एक युग्म बनेगा इस प्रकार अभिष्ट युग्मों की संख्या ज्ञात कर सकते हैं।

**उदाहरण : शब्द ADEQUATELY में अक्षरों के कितने ऐसे जोड़े है जिनके बीच उतने ही अक्षर मौजूद है जितने की अंग्रेजी वर्णमाला में होते है ?**

(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार से ज्यादा

**हल :** (c) **प्रथम विधि :** अक्षरों के जोड़े है DE (इस शब्द में भी D व E साथ-साथ है। ) QT (Q व T के मध्य दो अक्षर आते हैं उतने ही अक्षर (U व A) इस शब्द में है तथा QL (चार अक्षरों का अन्तर).

**द्वितीय विधि :**

1 4 5 17 21 1 20 5 12 25
A D E Q U A T E L Y

यहां DE के क्रमांक क्रमागत है, Q के क्रमांक 17 से गिनने पर T का क्रमांक 20 आता है तथा L के क्रमांक 12 से बाये गिनने पर उसका क्रमांक 17 आता है, जो सत्य है। अत: अभिष्ट जोड़े DE, QT तथा LQ प्राप्त होते है।

## औपबांधिक श्रृंखला

**उदाहरण :** **निम्न अंक श्रृंखला में ऐसे कितने 4 हैं जिनके तत्काल पहले 5 तथा तत्काल बाद में 7 आता है ?**

**7 4 5 2 3 5 4 7 1 4 7 5 3 5 4 7 9 3 6 5 4 7 2 3 4 5 4 7 6 9**

(a) 5 (b) 4 (c) 2 (d) 3

**हल** (b) 4 के तत्काल पहले 5 तथा तत्काल बाद मे 7 आता है। अत: श्रेणी मे 547 की पुनरावृति होती है

= 7 4 5 2 3 <u>5 4 7</u> 1 4 7 5 3 <u>5 4 7</u> 9 3 6 <u>5 4 7</u> 2 3 4 <u>5 4 7</u> 6 9 = 4 बार

## प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न

**निर्देश** – (प्रश्न 1-13) ये प्रश्न अग्रलिखित अंग्रेजी वर्णमाला पर आधारित हैं
A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z

**1. आपके बाई ओर से 10वें अक्षर से बाई ओर 9वाँ अक्षर कौनसा है?**

(a) A (b) S (c) H (d) T

**2. अपने बाएं से सातवें के दायें ग्यारहवां अक्षर कौनसा होगा ?**

(a) B (b) Q (c) C (d) R

**3. उपर्युक्त वर्णमाला में बाएँ से 20 वें के दायी ओर 5 वाँ अक्षर कौनसा है ?**

(a) X (b) P (c) N (d) Y

**4. उपर्युक्त वर्णमाला में बाएँ से 17 वें तथा दाएँ से 22 वें अक्षर के ठीक बीच का अक्षर कौनसा हैं?**

(a) Q (b) E (c) L (d) K

**5. उपर्युक्त वर्णमाला में बाएं से 10 वें अक्षर तथा दाएं से 25 वें अक्षर के बीच कितने अक्षर है -**

(a) 5 (b) 8 (c) 6 (d) 7

**6. उपरोक्त वर्णमाला को विपरीत क्रम से लिखा जाये तो बायीं और से दसवें अक्षर के दायीं ओर आठवां अक्षर कौन-सा होगा ?**
A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z

(a) F (b) G (c) H (d) I

**7. यदि अंग्रेजी वर्णमाला में वर्णो को विपरीत क्रम में लगाया जाये दायें से पन्द्रहवें अक्षर के दायीं ओर आठवां वर्ण है।**

(a) F (b) G (c) V (d) W

**8. अंग्रेजी वर्णमाला में बायें से 13 वें अक्षर के दायें 7 वां अक्षर कौन सा है -**

(a) S (b) T (c) U (d) V

**9. अंग्रेजी वर्णमाला के दायें से 11 वें अक्षर के दायें छठा अक्षर है**

(a) K (b) V (c) J (d) U

**10. यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाए तो उसके बांए से 13 वें अक्षर के दाई ओर चौथा अक्षर क्या होगा ?**

(a) J (b) L (c) K (d) M

**11. उपर्युक्त वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिख देनें पर दाई ओर से 7 वें अक्षर से बाई ओर 15 वाँ अक्षर कौन सा है?**

(a) R (b) I (c) V (d) P

**12. उपरोक्त वर्णमाला को यदि विपरीत क्रम में लिख दिया जाये तो कौन सा अक्षर आपके बाएं से 17 वें अक्षर से बाएं 15 वां अक्षर होगा ?**

(a) X (b) Y (c) D (d) C

**13. यदि अंग्रेजी वर्णमाला में A और Z, B और Y,. ....... इसी प्रकार अन्य अपना स्थान परस्पर परिवर्तित करते है तो दायें से 13 वां अक्षर कौन सा होगा।**

(a) M (b) N (c) O (d) L

**14. यदि प्रथम अर्द्धांश के अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाए तब बाई ओर से 16वाँ अक्षर कौन सा होगा?**

(a) W (b) X (c) C (d) P

**15.** **यदि वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखकर प्रत्येक दूसरे अक्षरों को हटाया गया है, तो बचे शेष अक्षरों में मध्य का अक्षर है**

(a) L (b) M (c) N (d)P

**निर्देश : निम्नलिखित प्रश्न वर्ण क्रम पर आधारित है।**

A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z

**16.** **यदि वर्णमाला के वर्णो को उल्टे क्रम में लिखा जाये तो बायें से 12 वें अक्षर के दायें सातवां अक्षर कौन-सा होगा ?**

(a) G (b) F (c) H (d) S

**17.** **यदि उपरोक्त वर्णो को उल्टे क्रम में लिखा जाये तो K के दायी ओर आठवां अक्षर कौन-सा होगा ?**

(a) A (b) D (c) C (d) E

**18.** **यदि 'REPRESENTATION' शब्द के सभी अक्षरों को फिर से बाएं से दाएं वर्णमाला में क्रम से रखा जाए, तो कौनसा अक्षर बाईं छोर से पाँचवे स्थान पर होगा ?**

(a) R (b) P (c) I (d) S

**19.** **शब्द 'CENTRIFUGAL' के अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार बाएं से दाएं व्यवस्थित किया जाए, तो कौनसा अक्षर दाएं से 7 वें अक्षर से दाएं तीसरा अक्षर होगा ?**

(a) N (b) U (c) C (d) T

**20.** **यदि IMPORTANT शब्द के अक्षरों के क्रम को इस प्रकार बदला जाये कि पहला और नौवां अक्षर परस्पर स्थान बदल लें, दूसरा और आठवां अक्षर परस्पर स्थान बदल लें, तीसरा और सातवां अक्षर परस्पर स्थान बदल लें और इसी प्रकार आगे भी, तो A की दाहिनी ओर चौथा अक्षर कौन-सा होगा ?**

(a) T (c) N (c) P (d) M

**21.** **यदि शब्द MISFORTUNE के पहले और दूसरे, तीसरे और चौथे, पांचवें और छठे , ........... इसी प्रकार अन्य अक्षर परस्पर परिवर्तित किये जाये तो, बायें से आठवां अक्षर है-**

(a) O (b) F (c) S (d)T

**22.** **यदि शब्द CONCENTRATION के पहले अन्तिम चार अक्षर को विपरीत क्रम में लिखा जाता है, फिर अगले दो को विपरीत क्रम में, फिर आगे तीन को विपरीत क्रम में तथा अन्त में प्रथम चार को विपरीत क्रम के लिखा जाये, तो नये व्यवस्थापन में आखिर से गिनने पर आठवां अक्षर है।**

(a) N (b) T (c) E (d) R

**23.** **निम्नलिखित अंक शृंखला में ऐसे कितने 7 हैं जिनके तत्काल पहले 5 तथा तत्काल बाद में 8 है ?**

**7 5 8 7 7 5 8 7 5 5 7 8 8 5 5 7 8 7 5 8 7 7 8 8 5**

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 5

**24.** **निम्नलिखित अंक शृंखला में ऐसे कितने 3 हैं, जिनके तत्काल पहले 8 तथा तत्काल बाद में 6 आता है ?**

3 6 6 8 3 6 6 8 3 6 8 3 6 3 8 3 6 3 8 3 3 8 3 3 9

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**25.** **निम्नलिखित अंक शृंखला में ऐसे कितने 3 हैं जिनके तत्काल पहले 9 तथा तत्काल बाद में 2 आता है ?**

2 2 3 9 3 3 9 9 3 2 3 9 3 2 3 9 2 3 9

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**26.** **निम्नलिखित श्रृंखला में ऐसे कितने 6 हैं जिनके ठीक पहले 7 है तथा ठीक बाद में 3 है –**

6 3 3 7 7 6 6 3 7 3 7 6 7 3 7 6 3 3 6 6 7 7 3 6 7 3

(a) एक (b) दो (c) तीन (d) शून्य

**27.** **निम्नलिखित अंक शृंखला में ऐसे कितनी विषम संख्याएं हैं जिनके तत्काल पहले कोई सम संख्या तथा तत्काल बाद में कोई विषम संख्या आती है।**

9 5 4 9 9 5 4 9 5 5 9 4 4 5 5 9 4 9 5 4 9 9 4 4 5

(a) 1 (b) 2 (c) 4 (d) 5

**28.** **निम्नलिखित अंक शृंखला में ऐसे कितने 4 हैं जिनके तत्काल पहले कोई विषम संख्या आती है तथा तत्काल बाद कोई सम संख्या आती है?**

1 2 3 4 2 3 4 1 3 4 4 2 4 1 2 3 1 2 3 4 1 3 2 4 1 2 3 4 1 2 4 1

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**29.** **निम्नलिखित अंक शृंखला में ऐसे कितने 3 हैं जिनके ठीक पीछे एक सम संख्या व उसके बाद 5 नहीं है ?**

2 3 4 5 7 3 2 6 3 2 5 3 4 7 2 3 4 5 8 9 3 6 8 4 3 5 2 8

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**30.** **नीचे दी गई अंक शृंखला में ऐसे कितने 9 हैं जिनके ठीक पहले व ठीक बाद के अंकों के योग से विषम संख्या प्राप्त होती है**

4 5 2 7 9 8 2 6 5 9 4 3 4 9 2 8 9 6 4 3 7 9 6 9 9 8 7 1 9 6

(a) 3 (b) 4 (c) 2 (d) 5

**31.** **निम्नलिखित अंक शृंखला में ऐसे कितने Q हैं जिनके तत्काल पहले तथा तत्काल बाद में O आता है ?**

Q Q O Q O Q Q Q O O O Q O Q O Q O Q Q O O Q Q Q O O O
Q O Q O O O Q

(a) 7 (b) 8 (c) 6 (d) 5

**32.** **निम्नलिखित शृंखला में कितने 6 ऐसे है, जिनके या तो ठीक पहले या ठीक बाद में एक विषम संख्या आती है ?**

3 5 6 2 3 7 8 6 4 1 6 2 3 1 2 6 7 8 8 1 6 1 4 6 3 2 9

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**निम्न प्रश्नों ( 33 से 50 ) में एक शब्द को बेतरतीव क्रम से लिखा गया है जिससे प्रश्न में दिये गये निर्देशानुसार अभिष्ट शब्द प्राप्त करें।**

**33.** **शब्द ROESH के अक्षरों से एक जानवर का नाम बनता है, जिसका प्रथम अक्षर है।**

(a) H (b) R (c) S (d) O

**34.** **शब्द VIRER के अक्षरों से पानी से सम्बन्धित एक नाम बनता है, जिसका प्रथम अक्षर है।**

(a) V (b) I (c) R (d) E

**35.** **शब्द RILASE के अक्षरों से एक देश का नाम बनता है, जिसका प्रथम अक्षर है।**

(a) R (b) L (c) S (d) I

**36.** **शब्द NITRA के अक्षरों से एक वाहन का नाम बनता है, जिसका**

अन्तिम अक्षर है।

(a) T (b) R (c) I (d) N

37. शब्द **REMAHM** के अक्षरों में एक औजार का नाम है, जिसका पहला अक्षर क्या है?

(a) R (b) M (c) H (d) A

38. शब्द **DHAGBAD** के अक्षरों में एक शहर का नाम है जिसका अन्तिम अक्षर क्या है?

(a) H (b) B (c) G (d) D

39. शब्द **KINPUMP** के अक्षरों में एक सब्जी का नाम छुपा है, जिसका मधय अक्षर क्या होगा ?

(a) N (b) P (c) K (d) M

40. शब्द **HOTUM** के अक्षरों से शरीर का अंग बनता है, जिसका मध्य अक्षर क्या होगा ?

(a) O (b) U (c) T (d) M

41. शब्द **STIESR** के अक्षरों से एक रिस्ता बनता है, जिसका प्रथम अक्षर क्या होगा ?

(a) S (b) R (c) T (d) E

42. शब्द **KNOWLCU** के अक्षरों से एक शहर का नाम बनता है, जिसका प्रथम अक्षर क्या होगा ?

(a) L (b) U (c) K (d) W

43. शब्द **MALTIPUN** के अक्षरों से एक महंगी धातु का नाम बनता है, जिसका अन्तिम अक्षर क्या होगा ?

(a) P (b) L (c) N (d) M

44. शब्द **THEAW** के अक्षरों से अनाज का नाम बनता है, जिसका अन्तिम अक्षर क्या होगा ?

(a) W (b) H (c) A (d) T

45. शब्द **HOLACOL** के अक्षरों से एक तरल पदार्थ बनता है, जिसका अन्तिम अक्षर क्या होगा ?

(a) A (b) C (c) L (d) O

46. शब्द **OMNO** के अक्षरों से एक उपग्रह बनता है, जिसका अन्तिम अक्षर क्या होगा ?

(a) M (b) N (c) O (d) none

47. शब्द **SINENT** के अक्षरों से एक खेल का नाम बनता है, जिसका प्रथम अक्षर क्या होगा ?

(a) T (b) N (c) S (d) none

48. शब्द **BJUPAN** के अक्षरों से एक प्रांत का नाम बनता है, जिसका प्रथम अक्षर क्या होगा ?

(a) P (b) U (c) A (d) N

49. शब्द **EREGN** के अक्षरों से एक रंग का नाम बनता है, जिसका प्रथम अक्षर क्या होगा ?

(a) E (b) G (c) N (d) R

50. यदि शब्द **AMSR** के अक्षरों को किसी क्रम से लिखने पर ग्रह बनता है, तो उसका पहला अक्षर क्या होगा ?

(a) A (b) R (c) M (d) S

51. **RACTOR** में अक्षर बिना क्रम के दिए हुए हैं, यदि इन्हें क्रम मे रखा जाये, तो एक सब्जी का नाम निकलता है। प्राप्त नए शब्द का अन्तिम अक्षर क्या होगा ?

(a) R (b) A (c) C (d) T

52. **RIFTS** तथा **SALT** में अक्षर बिना क्रम के लिखे हुए है। यदि इनके अक्षर क्रम से लिखे तो, दोनों शब्द एक दूसरे के विलोम हो जाते है । प्राप्त नये शब्दों के प्रथम अक्षर क्या होंगें –

(a) T, L (b) F, T (c) R, S (d) F, L

53. **CILGIEN** तथा **FORO** में अक्षर बिना क्रम के लिखे हुए है। यदि दोनों के अक्षरों को क्रम में लिखा जाए तो प्राप्त दोनों शब्द एक दूसरे के समानार्थी है। नये शब्दों के अन्तिम अक्षर क्या है ?

(a) C, R (b) G, C (c) R, G (d) G, F

54. यदि **PREPARATION** के तीसरे, पांचवे आठवें और ग्यारहवें अक्षरों से कोई अर्थपूर्ण शब्द बनाना सम्भव है, तो निम्नलिखित से कौन-सा उस शब्द का अन्तिम अक्षर होगा।

(a) N (b) T (c) E (d) X

55. यदि **CURTAILMENT** के पहले, तीसरे, पांचवें और नौवें अक्षरों से यदि सार्थक शब्द बनाया जाना सम्भव हो, तो निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर उस शब्द का पहला अक्षर होगा और यदि एक से अधिाक शब्द बनाये जा सकते है तो उत्तर **M** दीजिए –

(a) R (b) A (c) C (d) M

56. यदि **SUPERFLUOUS** शब्द के पहले, चौथे, सातवें तथा ग्यारहवें अक्षरों से कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके, तो बने शब्द का प्रथम अक्षर है, अन्यथा आपका उत्तर × होगा।

(a) S (b) L (c) O (d) E (E) ×

57. यदि **CONTRACT** शब्द के पहले, दूसरे, चौथे, पांचवें और छठे अक्षर को लेकर तथा **A** से प्रारम्भ करके एक सार्थक शब्द बनाया जाये तो बनाये गये शब्द का मध्य का अक्षर है-

(a) C (b) O (c) R (d) T

58. **CONTRIBUTION** शब्द के दूसरे, छठें, नवें और बारहवें अक्षरों से एक सार्थक शब्द बनाया जाये, तो उस शब्द का अन्तिम अक्षर कौनसा होगा ? यदि एक से अधिक शब्द बनाये जा सकते हों तो उत्तर **M** दें और यदि कोई भी शब्द नहीं बनाया जा सके तो उत्तर × दें।

(a) T (b) O (c) M (d) ×

59. यदि शब्द **COMPUTERISE** के **3** वें, **6** वें, **8** वें तथा **11** वें अक्षरों से कोई अंग्रेजी का कोई अर्थपूर्ण शब्द बन सकता है।, जबकि प्रत्येक अक्षर को सिर्फ शब्द में एक बार प्रयोग करना है, तो उस शब्द का अन्तिम अक्षर ही आपका उत्तर है, यदि कोई ऐसा शब्द नहीं बन सकता है। तो आपका उत्तर **'X** है तथा यदि एक से अधिक शब्द बन सकते है तो आपका उत्तर **'Z'** है।

(a) M (b) X (c) T (d) Z

60. यदि शब्द **CONTROVERSIAL** के तीसरे, चौथे और **11** वें अक्षरों में से एक सार्थक **MEANINGFUL** शब्द बन सकता है तो उसका पहला अक्षर उत्तर है, यदि एक से अधिाक शब्द बन सकते है तो **M** उसका उत्तर है और यदि कोई भी शब्द न बन सके तो **X** उत्तर

होगा।

(a) N (b) T (c) X (d) M

61. यदि TAIL शब्द के सभी चार अक्षरों से मिलाकर एक अन्य ऐसा अर्थपूर्ण शब्द बनाया जाए जिसमें प्रत्येक अक्षर केवल एक बार प्रयोग किया गया हो, तो उस शब्द का आखिरी अक्षर आपका उत्तर होगा। यदि एक से अधिाक अर्थपूर्ण शब्द बनाये जा सकते हों, तो आपका उत्तर × होगा और यदि ऐसा कोई शब्द बनाया नहीं जा सकता तो आपका उत्तर (E) अर्थात इनमें से कोई नहीं होगा।

(a) A (b) × (c) L (d) E

62. LESA अक्षरो का प्रत्येक शब्द में एक बार प्रयोग करते हुए कितने अर्थवान् अंग्रेजी शब्द बनाये जा सकते है।

(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार

63. EDRA अक्षरो का प्रत्येक शब्द में एक बार प्रयोग करते हुए कितने अर्थवान् अंग्रेजी शब्द बनाये जा सकते है।

(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार

64. ASTOUNDER शब्द के अक्षरों का क्रम बिना परिवर्तित किये अधिाकतम कितने शब्द बनाये जा सकते है, यदि प्रत्येक अक्षर केवल एक बार लिया जाता है।

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 4

65. शब्द "DIVERSION" में कितने अक्षर युग्म हैं जिनके बीच शब्द में उतने ही अक्षर छूटे हैं जितने कि अंग्रेजी वर्णमाला में?

(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) 3से अधिक

66. शब्द "HEARTBURN" में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े हैं जिनमें से प्रत्येक में शब्द के बीच उतने ही अक्षर हैं जितने कि अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार होते हैं

(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन

67. शब्द "MEDICAL" में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े हैं जिनमें से प्रत्येक में शब्द के बीच उतने ही अक्षर हैं जितने कि अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार होते हैं

(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) 3से अधिक

68. शब्द 'HORIZONT' में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े है जिनके मधय उतने ही अक्षर है जितने कि अंग्रेजी वर्णमाला में है।

(a) एक (b) दो (c) तीन (d) 3 से ज्यादा

69. ADVERTISEMENT शब्द में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े हैं जिनके बीच इस शब्द में उतने ही अक्षर हैं जितने कि अंग्रेजी वर्णमाला में उनके बीच होते हैं ?

(a) 5 (b) 4 (c) 6 (d) 3

70. शब्द ADEQUATELE में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े हैं जिसके बीच में उतने ही अक्षर हैं जितने कि अंग्रेजी वर्णमाला में उनके बीच होते हैं ?

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

71. PRACTICE शब्द में दो अक्षर ऐसे हैं जिनके बीच यहाँ भी उतने ही अक्षर मौजूद है, जितने अग्रेंजी वर्णमाला में उनके बीच होते हैं। उन दोनों में से कौनसा अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला में बाद में आता है ?

(a) C (b) I (c) R (d) T

72. QUESTION शब्द में अक्षरों के ऐसे कितने युग्म हैं जिनके बीच उतने ही अक्षर हैं जितने कि वर्णमाला में उनके बीच होते हैं।

(a) तीन (b) चार (c) एक (d) दो

73. शब्द 'CLARITY' में अक्षरों के ऐसे कितने युग्म हैं जिनके बीच उतने अक्षर हैं जितने कि उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला में होते हैं ?

(a) 4 (b) 3 (c) 2 (d) 1

74. शब्द MARGINAL में कितने अक्षर युग्म है जिनके बीच उतने ही अक्षर है जितने कि वर्णमाला में उनके बीच होते हैं –

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

75. HEARTLESS शब्द के अक्षरों को बिना दोहराये एवं प्रत्येक अक्षर का एक बार ही प्रयोग कर कितने शब्द बनाये जा सकते है ?

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

76. 'ASTOUNDER' शब्द के अक्षरो के क्रम को बिना परिवर्तित करे एवं एक अक्षर का एक ही बार प्रयोग करके कितने स्वतन्त्र शब्द बनाये जा सकते है ?

(a) कोई नही (b) दो (c) तीन (d) चार

77. LAPROSCOPY शब्द के अक्षरो के क्रम को बिना परिवर्तित करे एवं एक अक्षर का एक ही बार प्रयोग करके कितने स्वतन्त्र शब्द बनाये जा सकते है ?

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

## व्याख्या सहित उत्तर

1.(c) हमारे बायें से 10 वाँ अक्षर J तथा J से बांया 9 वाँ अक्षर A है।

2.(d) बायें से सातवें (G) के दायें ग्याहरवां यानि 7 + 11 = 18 वां अक्षर हमारा उत्तर है जो R है।

3.(d) बायें से 20 वाँ अक्षर के दायें पांचवा अक्षर अर्थात् 20 + 5 = 25 वां अक्षर Y है।

4.(d) बायें से 17 वाँ अक्षर Q तथा दायें से 22 वाँ अक्षर E है तथा इनके ठीक बीच का अक्षर K है।

5.(d) दाये से 25 वाँ अक्षर VQLGB सूत्र द्वारा = बायें से (27 – 25) दूसरा अक्षर EJOTY सूत्र द्वारा।

अत: तब एक ही दिशा बाएं से दो निश्चित क्रम स्थानों के बीच के वर्णो की संख्या = (10–2) – 1 = 7

6.(d) अभिष्ट वर्ण क्रम में बायी ओर से 10 वें अक्षर के दाये 8 वॉ अक्षर = 27 – (10 + 8) = 9 या 9 वाँ अक्षर = I

7.(b) 8. (b) 9.(b)

10.(a) Z Y X W V U T S R Q P O N M L K J I H G F E D C B A

उपरोक्त में बायें से 13 वाँ अक्षर N है, N के दाईं ओर चौथा अक्षर J है।

11.(c) वर्णमाला विपरीत क्रम में लिखने पर दायी ओर से 7 वाँ अक्षर G है तथा इसके बायीं ओर 15 वाँ अक्षर V है।

12.(b) कथनानुसार नया वर्णमाला क्रम निम्नवत् होना चाहिए।

**Z Y X W V U T S R Q P O N M L K J I**

बायें से

से दाएं

H G F E D C B A
उपर्युक्त वर्णमाला में बाएं से 17 वां अक्षर J है तथा J से बांए 15 वाँ अक्षर Y है।

13.(a)

14.(d) कथनानुसार वर्णमाला का क्रम बनता है –
M L K J I H G F E D C B A N O P Q R S T U V W X Y Z
अत: इस क्रम में बायें से 16 वाँ अक्षर P है।

15.(c) प्रश्नानुसार विपरीत क्रम में लिखकर हर दूसरे अक्षर को हटाने पर निम्न अक्षर शेष रहेंगे
Z X V T R P N L J H F D B
जिसमें मध्य में आने वाला अक्षर N है।

16. (c) वर्णों का उल्टा क्रम यह है
Z Y X W V U T S R Q P O N M
L K J I H G F E D C B A
बायें से बाहरवाँ अक्षर 'O' और सातवाँ 'H' है।

17. (c) वर्णों का उल्टा क्रम यह है
Z Y X W V U T S R Q P O N M L K J I H G F E D C B A
'K' के दायें आठवाँ अक्षर 'C' है।

18.(c) अक्षरों को वर्णमाला के क्रम में रखने से AEEEI वर्ण क्रम प्राप्त होता है, अत: बायीं ओर से गिनने पर पाँचवा अक्षर I है।

19.(a) प्रश्नानुसार लिखने पर A C E F G I L N R T U शृंखला प्राप्त होती है जिसमें दायें से 7 वें अक्षर G है, जिससे दायें से तीसरा अक्षर N है।

20.(c) IMPORTANT के अक्षरों को प्रश्नानुसार बदलने पर TNATROPMI शब्द प्राप्त होता है, इसमें A के दायी ओर चौथा अक्षर P है।

21.(d) 22.(b)

23.(b) 7 5 8 7 7 5 8 7 5 **5 7 8** 8 5 **5 7 8** 7 5 8 7 7 8 8 5

24. (d) 3 6 6 **8 3 6** 6 **8 3 6 8 3 6** 3 **8 3 6** 3 8 3 3 8 3 3 9

25.(b) 2 2 3 9 3 3 9 **9 3 2** 3 **9 3 2** 3 9 2 3 9

26.(a) 763 इसमें केवल एक बार बनता है।
6 3 3 7 7 6 6 3 7 3 7 6 7 3 **7 6 3** 3 6 6 7 7 3 6 7 3

27.(d) ऐसे विषम संख्याएं जिनके तत्काल पहले कोई सम संख्या तथा तत्काल बाद में कोई विषम संख्या है।
9 5 **4 9 9** 5 **4 9 5** 5 9 4 **4 5 5** 9 **4 9 5** **4 9 9**
4 4 5

28.(b) 1 2 **3 4 2** 3 4 1 **3 4 4** 2 4 1 2 3 1 2 3 4 1 3 2 4 1 2 3 4 1 2 4 1

29.(c) 2 3 4 5 7 **3 2 6** 3 2 5 **3 4 7** 2 3 4 5 8 9 **3 6 8** 4 3 5 2 8

30.(d) 4 5 2 **7 9 8** 2 6 **5 9 4** 3 4 9 2 8 9 6 4 3 **7 9 6** **9 9 8** 7 **1 9 6**

31.(c) Q Q O **Q** O Q Q Q O O O **Q** O **Q** O **Q** O Q Q Q O Q Q Q O O
O **Q** O **Q** O O O Q

32.(d) 3 **5 6** 2 3 7 8 6 4 **1 6** 2 3 1 2 **6 7** 8 8 1 6 1 4 **6 3** 2 9
अत: छ: के या तो ठीक पहले या ठीक बाद में चार बार विषम संख्या आई है दोनों ओर विषम या सम अंक होने पर नहीं गिने जायेगें।

33. (a) अभिष्ट शब्द HORSE बनता है।

34. (c) अभिष्ट शब्द RIVER बनता है।

35. (d) शब्द के अक्षरों से ISRAEL देश बनता है।

36. (d) शब्द के अक्षरों से TRAIN शब्द बनता है।

37. (c) शब्द के अक्षरों से HAMMER (हथौड़ा) शब्द बनता है।

38. (d) शब्द के अक्षरों से BAGHDAD शहर बनता है।

39. (b) शब्द के अक्षरों से PUMPKIN (कद्दू) सब्जी का नाम बनता है।

40. (b) शब्द के अक्षरों से MOUTH (मुख) बनता है।

41. (a) शब्द के अक्षरों से SISTER (बहन) बनता है।

42. (a) शब्द के अक्षरों से LUCKNOW बनता है।

43. (d) शब्द के अक्षरों से PLATINUM धातु बनती है, जोकि सभी धातुओं से महंगी होती है।

44. (d) शब्द के अक्षरों से WHEAT (गेंहू) बनता है।

45. (c) शब्द के अक्षरों से ALCOHOL बनता है।

46. (b) शब्द के अक्षरों से MOON (चन्द्रमा) बनता है। जो पृथ्वी का उपग्रह है।

47. (a) शब्द के अक्षरों से TENNIS खेल बनता है।

48. (a) शब्द के अक्षरों से PUNJAB प्रान्त का नाम बनता है।

49. (b) शब्द के अक्षरों से GREEN हरे रंग का नाम बनता है।

50. (c) अभिष्ट शब्द MARS ( मंगल ग्रह ) प्राप्त होता है।

51. (d) RACTOR से CARROT ( गाजर ) शब्द प्राप्त होता है।

52. (d) RIFTS तथा SALT शब्दों को अभिष्ट क्रम में लिखने पर FIRST तथा LAST विलोम शब्द प्राप्त होते हैं।

53. (d) CILGIEN तथा FORO शब्दों को अभिष्ट क्रम में लिखने पर CIELING तथा ROOF समानार्थी शब्द प्राप्त होते हैं।

54. (b) PREPARATION शब्द के तीसरा, पांचवा, आठवां तथा ग्यारहवां अक्षर क्रमश E, A, T, N है तथा इनसे सार्थक शब्द NEAT बनता है।

55. (d) दिये गये शब्द के अभिष्ट अक्षर, C, R, A तथा E है तथा इससे RACE, CARE, ACRE आदि कई शब्द बनते हैं अत: उत्तर M है।

56. (b) SUPERFLUOUS शब्द के पहले, चौथे, सातवें तथा ग्यारहवें अक्षर क्रमश: S, E, L तथा S है। इनसे बनाया सकने वाला सार्थक शब्द LESS है।

57. (d) CONTRACT शब्द के अभिष्ट अक्षर C, O, T, R तथा A है तथा A से प्रारम्भ होने वाला सार्थक शब्द ACTOR है।

58. (b) अभिष्ट शब्द INTO प्राप्त होता है।

59. (a) शब्द COMPUTERISE के 3 वें, 6 वें, 8 वें तथा 11 वें अक्षर क्रमश: M, T, R तथा E है। इनसे बनने वाला शब्द TERM है जिसका अन्तिम अक्षर M है।

60. (d) CONTROVERSIAL शब्द के तीसरे, चौथे और ग्यारहवें अक्षर क्रमश: N, T और I है इनसे दो सार्थक शब्द TIN तथा NIT बनते है।

61. (d) इन चार अक्षरों से TAIL के अतिरिक्त अन्य कोई सार्थक शब्द नहीं बनता। इसलिए उत्तर E होगा।

62. (b) LESA अक्षरों से बनने वाले शब्द SEAL व SALE है।

63. (c) EDRA अक्षरों से बनने वाले शब्द READ, DEAR व DARE है।

64. (b) अभिष्ट शब्द AS, TO, UNDER है।

65. (d) इस प्रकार के वर्ण OR, IO, ON RS और VS (अंग्रेजी वर्णमाला में साथ-साथ है).

66. (b) इस प्रकार के वर्ण RU है।

67. (d) इस प्रकार के वर्ण ED, EA, DA और IL है।

68. (b) इस प्रकार के वर्ण RO (दो अक्षर बीच में है) और ON (अंग्रेजी वर्णमाला में साथ-साथ है).

69.(c) ऐसे छ: जोड़े हैं DI, DN, RM, TN, IE तथा IN होंगें।

70.(d) ऐसे चार जोड़े DE, QT, QL तथा AE है।
71.(d) PRACT शब्द में तथा PQRST वर्णमाला में है।
अतः P तथा T के मध्य यहां भी 3 अक्षर हैं।
72.(a) ऐसे तीन जोड़े US, ST, ON है।
73.(b) ऐसे तीन युग्म CA, LI तथा RT है।
74.(c) M A R G I N A L
शब्द के अक्षरों को ध्यान से देखें –
(I) I तथा M के बीच 3 अक्षर होते हैं, तीन ही यहां है
(II) I तथा L के बीच 2 अक्षर होते है, यहां भी दो है।
(III) N तथा L के बीच 1 अक्षर होता है, यहां भी एक है।
तीनों परिस्थितयों में उतने ही अंक बीच में है। जितने अंग्रेजी वर्णमाला में इन अक्षरों के मध्य होते हैं।
75.(b) तीन शब्द HE, ART और LESS बनेगें।
76.(c) शब्द AT, SO और UNDER में कोई भी वर्ण दोहराया नही गया है।
77.(a) दो शब्द LAP और COPY बनेगें।

## भाग-II

**निम्नलिखित प्रश्नों में एक शब्द देकर उसके आगे 4 अन्य शब्द दिए गए है। इनमें एक शब्द के अक्षरों द्वारा नहीं लिखा जा सकता। यह शब्द पहचानें।**

**1. ENCYCLOPEDIA**
(a) CYCLE (b) PENCIL
(c) YOKE (d) DIAL

**2. RECOMMENDATION**
(a) MEDIATE (b) MEDICINE
(c) COMMUNICATE (d) REMINDER

**3. OUTRAGEOUS**
(a) GREAT (b) OUTAGE
(c) SURAT (d) GREGARIOUS

**4. ENVIRONMENT**
(a) NORM (b) MINE
(c) VIOLENT (d) EVER

**5. PERSONIFICATION**
(a) FICTION (b) CAPTION
(c) NOTIONS (d) FASHION

**6. GERMINATION**
(a) ORNAMENT (b) TERMINAL
(c) IGNITE (d) GERMAN

**7. PRESIDENTIAL**
(a) SLEEP (b) DENTAL
(c) ARDENT (d) DIGITAL

**8. JUXTAPOSITION**
(a) TAXI (b) TOXIC
(c) SPOT (d) POST

**9. CHEMOTHERAPY**
(a) MOTHER (b) THERAPY
(c) PANTHER (d) REMOTE

**10. INFRASTRUCTURE**
(a) NATURE (b) CHARTER
(c) FRACTURE (d) RESTRAIN

**11. ADMINISTRATION**
(a) MIND (b) RATION
(c) MINISTER (d) STATION

**12. LIBERATIONIST**
(a) LIBERAL (b) RELATION
(c) SERIAL (d) BITTERN

**13. AUTOGRAPHS**
(a) GRAPH (b) TROUGH
(c) PATHOS (d) GREAT

**14. PROSPECTIVE**
(a) PEPTIC (b) PEPPER
(c) VECTOR (d) RESET

**15. APPROXIMATELY**
(a) APEX (b) APPRISE
(c) APPROXIMATE (d) APRIL

**निर्देश :** (प्रश्न 16-35)एक शब्द बड़े अक्षरों में लिखा गया है। इसके बाद चार शब्द लिखे गए हैं। इनमें से तीन शब्द बड़े अक्षरों वाले शब्द के अक्षरों द्वारा नही बनाये जा सकते हैं। उस शब्द को पहचानें जो बड़ें अक्षरों में लिखे शब्द के अक्षरों द्वारा लिखा जा सकता है।

**16. PHILANTHROPIST**
(a) FIST (b) LARK
(c) HYPOCRISY (d) PISTON

**17. ALTERNAPIVES**
(a) TELEVISION (b) RENOVATE
(c) RESPITE (d) TRAINS

**18. TRANQUILITY**
(a) QUILT (b) ANTIQUE
(c) TRANSFER (d) TRANSIT

**19. INTELLIGENCE**
(a) INTEGER (b) INTERVAL
(c) LEGEND (d) NEGLECT

**20. ARISTOCRATIC**
(a) CREATION (b) STATIC
(c) SECRET (d) ARREST

**21. ENVIRONMENT**
(a) EMINENT (b) ENTRANCE
(c) ENTERTAIN (d) MOVEMENT

**22. PRAGMATIC**
(a) GAME (b) MAGIC
(c) AGMARK (d) GUITAR

**23. IMMEDIATELY**
(a) DIAMETER (b) DICTATE
(c) LIMITED (d) DIALECT

**24. IMPATIENCE**
(a) IMPACT (b) CENTRE
(c) REMAIN (d) PENCIL

**25. REMEMBERING**
(a) NEGRO (b) AGREE
(c) RAIN (d) GREEN

**26. MEASUREMENT**
(a) MASTER (b) SUMMIT

(c) MANTLE (d) ASSURE

**27. REACTIONARY**

(a) READ (b) TEAM
(c) NEAT (d) YARD

**28. OBLIGATORY**

(a) BLUE (b) GLUE
(c) TAIL (d) ROSY

**29. NOSTALGIA**

(a) NOSE (b) TALE
(c) LOST (d) GATE

**30. PRESUMPTUOUS**

(a) STAR (b) TURE
(c) SALE (d) MARE

**31. VINDICTIVE**

(a) DIVE (b) TIRD
(c) DITCH (d) VAIN

**32. BLANDISHMENT**

(a) BOARD (b) METAL
(c) SHAPE (d) CRASH

**33. PRAGMATIC**

(a) GAME (b) MAGIC
(c) AGMARK (d) GUITAR

**34. PREMONITION**

(a) ACTION (b) NATION
(c) MONITOR (d) REMOVE

**35. IMMEDIATELY**

(a) DIAMETER (b) DICTATE
(c) LIMITED (d) DIALECT

## उत्तर व्याख्या सहित

1.(c) YOKE शब्द में K अक्षर आ रहा है जो दिए गए शब्द में नहीं है अतः यहीं शब्द उत्तर होगा।

2. (a) शब्द MEDIATE में उपस्थित अक्षर मूल शब्द में मौजूद है।

3. (d) शब्द GREGARIOUS में उपस्थित अक्षर मूल शब्द में मौजूद है।

4. (c) वर्ण 'L' दिये गये शब्द ENVIRONMENT में नहीं है।

5. (d) वर्ण 'H' दिये गये शब्द PRESONFICATION में नहीं है।

6. (b) वर्ण 'L' दिये गये शब्द GERMINATION में नहीं है।।

7. (d) वर्ण 'G' दिये गये शब्द PRESIDENTIAL में नहीं है।।

8. (b) वर्ण 'C' दिये गये शब्द JUXTAPOSITION में नहीं है।

9. (c) वर्ण 'N' दिये गये शब्द CHEMOTHERAPY में नहीं है।

10. (b) वर्ण 'H' दिये गये शब्द INFRASTRUCTURE में नहीं है।

11. (c) वर्ण 'E' दिये गये शब्द ADMINISTRATION में नहीं है।

12.(a) शब्द LIBERAL में दो 'L' है जबकि मूल शब्द LIBERATIONIST में एक 'L' है।

13.(d) वर्ण 'E' दिये गये शब्द AUTOGRAPHS में नहीं है।

14. (b) शब्द PEPPER में तीन 'P' है जबकि मूल शब्द PROSPECTIVE में दो 'P' है।

15. (b) वर्ण 'S' दिये गये शब्द APPROXIMATELY में नहीं है।

16.(d) केवल PISTON शब्द में मौजूद सभी वर्ण दिए गए शब्द में हैं।

17.(d) केवल TRAINS शब्द में मौजूद सभी वर्ण दिए गए शब्द में हैं।

18. (a) विकल्प (a) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द TRANQUILTY से मेल नहीं खाते है।

19.(d) विकल्प (d) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द INTELLIGENCE से मेल नहीं खाते है।

20.(b) विकल्प (b) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द ARISTOCRATIC से मेल नहीं खाते है।

21. (a) विकल्प (a) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द ENVIRONMENT से मेल नहीं खाते है।

22. (b) विकल्प (b) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द PRAGMATIC से मेल नहीं खाते है।

23. (c) विकल्प (c) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द IMMEDIATELY से मेल नहीं खाते है।

24. (a) विकल्प (a) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द IMPATIENCE से मेल नहीं खाते है।

25. (d) विकल्प (d) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द REMEMBERING से मेल नहीं खाते है।

26. (a) विकल्प (a) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द MEASUREMENT से मेल नहीं खाते हैं।

27. (c) विकल्प (c) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द REACTIONARY से मेल नहीं खाते है।

28. (c) विकल्प (c) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द OBLIGATORY से मेल नहीं खाते है।

29. (c) विकल्प (c) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द NOSTALGIA से मेल नहीं खाते है।

30.(b) विकल्प (b) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द PRESUMPTUOUS से मेल नहीं खाते है।.

31. (a) विकल्प (a) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द VINDICTIVE से मेल नहीं खाते है।

32. (b) विकल्प (b) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द BLANDISHMENT से मेल नहीं खाते है।.

33. (b) विकल्प (b) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द PRAGMATIC से मेल नहीं खाते है।

34. (c) विकल्प (c) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द PREMONITION से मेल नहीं खाते है।

35. (c) विकल्प (c) को छोड़कर अन्य विकल्पों में दिये गये शब्दों के कई वर्ण मूल शब्द IMMEDIATELY से मेल नहीं खाते है।